Press Clipping

RELIANCE
Anil Dhirubhai Ambani Group

Publication ----- Amar Ujala
Date ----- Saturday 6 October 20 07
Edition ----- Nainital
Page ----- 4

नैनीताल में रिलायंस मोबाइल फोन सेवा शुरू

उपभोक्ताओं के लिए कई योजनाएं

नैनीताल। नगर में आज से रिलायंस की मोबाइल सेवा शुरू हो गयी है। कंपनी के उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के सीईओ अरविंद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि रिलायंस उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के 726 नए कस्बों को मोबाइल सेवा से जोड़ने जा रहा है।

मल्लीताल स्थित कंपनी के फ्रैंचाइजी ग्राफिक चैनल के शोरुम में मोबाइल सेवा का उद्घाटन करते हुए श्री कुमार ने बताया कि कंपनी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ग्राहकों को मात्र 999 रुपये में रंगीन हैंडसेट दे रही है। यह हैंडसेट बनाने के पीछे कंपनी का मकसद आम आदमी तक मोबाइल पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़, चंपावत, लोहाघाट , बागेश्वर, द्वाराहाट , भीमताल, अल्मोड़ा, केदारनाथ, बद्रीनाथ और गंगोत्री में रिलायंस सेवा शुरू हो चुकी है। इसके अतिरिक्त टनकपुर, रामनगर, खटीमा और रानीखेत में दिसंबर माह तक रिलायंस मोबाइल सेवा शुरू हो जाएगी। इस मौके पर ग्राफिक चैनल के प्रोपराइटर देव कंसल, बांके लाल कंसल, मनोज बिष्ट, शैलेन्द्र साह, सर्वप्रिय कंसल, गंगा प्रसाद साह, संजय कुमार आर्य आदि उपस्थित थे। नगर में रिलायंस की मोबाइल सेवा शुरू होने के बाद प्रचार यात्रा निकाली गयी। इस दौरान कंपनी के

कर्मचारियों ने लोगों को रिलायंस मोबाइल सेवा की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।